For Colleges / S.O.S.

# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

visit us : www.prsu.ac.in E-mail- rsuexam@gmail.com

क्रमांक 1951/ परीक्षा / परीक्षा आवेदन / **सेमेस्टर** / ऑनलाईन / 2023 रायपुर, दिनांक 25/08/2023

## // अधिसूचना //

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर फार्मेसी अध्ययनशाला में अध्ययनरत बी.फार्मेसी एवं एम.फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर (नया पाठ्यक्रम) परीक्षाओं के लिए पात्र परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन पद्धति से विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है–

(परीक्षा शुल्क–इंटरनेट बैकिंग / एस.बी.आई बैंक चालान / डेबिट कार्ड के माध्यम से जमा किये जा सकते है।)

| पाठ्यक्रम का नाम | ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि | विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| बी.फार्मेसी एवं एम.फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर (नया पाठ्यक्रम) | 24/08/2023 से 31/08/2023 तक | 01/09/2023 से 04/09/2023 तक |

**बी.फार्मेसी / एम.फार्मेसी सेमेस्टर परीक्षा शुल्क–**

| कक्षा /विषय | नियमित (रू.) | भूतपूर्व (रू.) | एटीकेटी (रू.) |
|---|---|---|---|
| बी.फार्मेसी – प्रति सेमेस्टर | 2630 | 2630 | 1245 |
| एम.फार्मा. – वार्षिक / सेमेस्टर | 2890 | - | 2465 |

**टीपः– फार्मेसी सेमेस्टर परीक्षा हेतु केन्द्राध्यक्ष एवं समय–सारणी के लिए अधिसूचना पृथक से जारी की जायेगी।**

**परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–**सेमेस्टर परीक्षा हेतु फार्म भरने का कार्य Student द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.prsuuniv.in** के माध्यम से किया जावेगा। फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये "Create User ID" विकल्प का प्रयोग करके "User ID" प्राप्त करेंगे।
2. Login करने के उपरांत Semester Exam. From विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करेंगे।
3. Fee Payment के बाद Exam. From की कॉपी प्रिंट करके परीक्षार्थी अपने पास रखेंगे।
4. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाइन फार्म भरने के समय आती हो,तो **मोबाईल नं.–9304963349** पर अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा ई–मेल द्वारा **prsuunivhelpdesk@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान कर सकते हैं।
5. परीक्षार्थी ऑनलाइन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की कॉपी प्रिंट करके छात्र (छात्र प्रति) अपने पास रखेंगे तथा संबंधित (University Copy) परीक्षा केन्द्रों में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30/– (रूपये तीस मात्र) के साथ जमा करेंगे।
6. किसी भी परीक्षार्थी को एक सत्र में वि.वि. की एक से अधिक उपाधि / डिप्लोमा परीक्षाओं में सम्मिलित होने की **पात्रता नही है** (केवल भाषा में डिप्लोमा एवं डी.सी.ए. वन इयर पार्ट टाइम पाठ्यक्रम को छोड़कर)।

Con..02

7. परीक्षार्थियों के ऑनलाईन फार्म भरने के समय पिता/पति के नाम के कॉलम रखे गये हैं जिसमें **विवाहित महिला परीक्षार्थी जिनकी अंकसूचियों में वि.वि. प्रक्रिया के तहत उपनाम परिवर्तन हो चुका है वे ही अपने पति का नाम अंकित करें।**

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की कॉपी प्रिंट करके छात्र अपने पास रखेंगे तथा संबंधित परीक्षा केन्द्रों/अध्ययनशालाओं में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30/–(रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के हिसाब से केन्द्र में जमा करेंगे। जिसमें से रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र परीक्षा केन्द्र अपने पास रखेंगे जिसका उपयोग वे परीक्षा के दौरान निर्धारित मद में व्यय करेंगे जिसका उल्लेख केन्द्राध्यक्षों को पूर्व में वार्षिक परीक्षा 2023 के समय उपलब्ध कराई गई केन्द्राध्यक्षों को निर्देश पर उल्लेखित है। एवं रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र आसंजित महाविद्यालयों को अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में जमा करना होगा। इसी प्रकार अध्ययनशालाओं द्वारा संबंधित केन्द्राध्यक्ष को रू. 15/– (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र के हिसाब से जमा करना होगा।
2. संबंधित पाठयक्रमों के संबंधित अध्यादेश एवं अध्यादेश क्र.170 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन परीक्षण एवं प्रमाणित करें।
3. जिन कक्षा/विषयों की सम्बद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं है, उनके परीक्षा आवेदन अग्रेषित न किए जाएं।
4. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किए जा रहे हैं उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है। 75% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किए जाएं जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व 75% हो जायेगी। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जाएं। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल नहीं हुये हों या सेमेस्टर के मध्य में अंतराल (गेप) हो उनके आवेदन अग्रेषित न किये जावें।
5. प्रथम सेमेस्टर से लेकर अंतिम सेमेस्टर तक के परीक्षार्थी अपना पूर्व में आबंटित रोल नम्बर का ही उपयोग करेंगे।
6. महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र नामिनल रोल लिस्ट अंग्रेजी वर्णक्रम के अनुसार (अल्फाबेटिकली) बनाकर वि.वि.के संबंधित परीक्षाओं के कार्यसहायकों के पास अनिवार्य रूप से जमा करें।

---

1. **अग्रेषण अधिकारी यह ध्यान देवें कि परीक्षार्थियों का पूर्व सेमेस्टर की समस्त अंकसूची अनिवार्य रूप से परीक्षण करते हुए ही परीक्षा आवेदन की भलीभांति जांच कर लें।**
2. यदि किसी परीक्षार्थी के पात्रता न होने पर भी वह ऑनलाईन से अपना आवेदन कर देता है तो वि.वि. द्वारा बाद में ज्ञात होने पर उसका आवेदन निरस्त हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित परीक्षार्थी एवं महाविद्यालय की होगी। परंतु फिर भी यदि ऐसे अपात्र परीक्षार्थी किसी प्रकार से परीक्षा में शामिल हो जाते हैं, तो उनके परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त किये जावेंगे।
3. अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा प्रत्येक परीक्षार्थी के आवदेन का परीक्षण करें, परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैकिंग/एस.बी.आई बैंक चालान/डेबिट कार्ड द्वारा जमा कराई जा सकेगी।

---

आदेशानुसार

25/9/23

कुलसचिव

पृ.क्र.1952/परीक्षा /परीक्षा आवेदन/**सेमेस्टर**/ऑनलाईन/2023 रायपुर, दिनांक 25/08/2023

**प्रतिलिपि :–**

1. अध्यक्ष, फार्मेसी अध्ययनशाला को इस निवेदन के साथ कि संबंधित छात्रों को उक्त अधिसूचना अवगत करायें एवं निर्धारित समय पर परीक्षा आवेदन जमा करावें।
2. स.कु.स.,गोपनीय को इस निवेदन के साथ कि आयोजित होने वाले फार्मेसी पाठ्यक्रम परीक्षा की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर,
4. उ.कु.स.,विकास/उ.कु.स.,अकादमिक/उ.कु.स.,प्रशासन, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
5. प्रभारी, आई.क्यू.ए.सी. (IQAC), पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर,
6. प्रभारी, वि.वि.मुद्राणालय/प्रभारी,जनसंपर्क अधिकारी/वित्त नियंत्रक/संबंधित परीक्षा कार्य सहायकों को.
7. संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता,सहकारी संघ मर्यादित 320AD, इंदिरा नगर,स्पीकर हाउस के सामने, कांके रोड,रांची– झारखंड, पिन नं– 834008 को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित,
8. वि0क0अ0 नामांकन शाखा/उ0कु0स0 विकास/उ.कु.स.,अकादमिक/प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी, पं. र.शु.वि.वि.,रायपुर।
9. प्रभारी,वि.वि.मुद्रणालय/प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा (गोप.)/वित्त नियंत्रक/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण /संचालक,भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता, रांची–झारखंड।
10. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/समायोजन प्रकोष्ठ/ परीक्षा विभाग के संबंधित कार्यसहायकों को।
11. प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक,मुख्य शाखा, जयस्तंभ चौक, रायपुर/रविवि शाखा, रायपुर को इस निर्देश के साथ कि संबंधित जिलों के समस्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा में वि.वि. के **खाता क्रमांक – 10049590022** में परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैकिंग/ एस.बी.आई बैंक चलान / डेबिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के उपरोक्त खाता में जमा किये जाने की व्यवस्था करावें।
12. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर,पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करे।
13. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ।
14. संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)